देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 222 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**बढ़ती गैर–बराबरी की ओर दें ध्यान



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 8 दिसंबर 2021



मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 11.0° | 40243.39

2 आत्महत्या मशीन को दी मंजूरी | 7 कड़वे शब्द चिपकाकर रोज पढ़ता था...

# 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का

## पोखरी में 97.30 लाख लागत से निर्मित पर्यटक आवास गृह का लोकार्पण किया

संवाददाता

चमोली/देहरादून। पोखरी में हिमवंत कवि चन्द्रकुंवर बर्त्वाल खादी ग्रामोद्योग एवं पर्यटन शरदोत्सव मेले का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आगाज हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पोखरी नगर पंचायत द्वारा आयोजित इस पांच दिवसीय मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र प्रसाद भट्ट, जिप अध्यक्ष रघुवीर सिंह बिष्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद पंत, कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष गजेंद्र सिंह बिष्ट एवं वरिष्ठ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के पोखरी पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने पोखरी में 97.30 लाख लागत से निर्मित पर्यटक आवास गृह का लोकार्पण करने के साथ ही पोखरी मेले को राजकीय मेला घोषित करते हुए इस वर्ष 2 लाख की राशि देने और क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न विकास योजनाओं की घोषणाएं भी की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बेनीताल में 7 दिसंबर की सांय से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय स्टार गेजिंग व एस्ट्रो फोटोग्राफी इवेंट का उद्घाटन भी किया। मेले में खादी, उद्योग एवं अन्य विभागों के स्टॉल, चर्खी, बच्चों के झूले, सर्कस, खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अनेक मनोरंजक गतिविधियां सहसा ही लोगों को आकर्षित कर रही है।

मुख्यमंत्री ने मेलार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति के चितेरे कवि चन्द्र कुंवर बर्त्वाल ने मात्र 28 साल की उम्र में हिंदी साहित्य को अनमोल कविताओं का समृद्ध खजाना दे दिया था। उनकी कविताओं में अटूट प्रकृति प्रेम झलकता है। जीवन के इस छोटे सफर में उन्होंने सात सौ से भी ऊपर कविताएं, गीत, मुक्तक, निबंध आदि लिखकर एक इतिहास रचा है। काफल पाक्यों के अमर गायक चन्द्र कुंवर बर्त्वाल ने अपनी कालजयी कविताओं में हिमालय का जीवन साकार किया है। हिमाच्छादित शैल शिखर, सदानीरा कल कल करती नदियां, लंबे चौड़े लहलहाते चारागाह, दूर दूर तक फैले चीड, बांज, बुरांश, देवदार के घने जंगल, रंग बिरंगे फूलों से लदालद भरी घाटियां, पशु पक्षी, ऋतुओं का पट–परिवर्तन, घन गर्जन सभी का चमत्कारिक चित्रण उनकी कविताओं में मिलता है।



### हर फैसला जनता को समर्पित

सीएम ने कहा मेरे मुख्य सेवक बनने के बाद सरकार ने 500 से ज्यादा जनहित के फैसले लिए हैं और हमारा हर फैसला जनता को समर्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा समाज के हर वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा हम प्रत्येक घोषणा के लिए पूर्व सुनियोजित तरीके से वित्तीय खर्च का प्रबंधन कर रहे हैं, जिससे हमारी सारी घोषणाएं धरातल पर उतर रही है।

### हमारी सरकार हर समय जनता की सेवा में समर्पित

सीएम ने कहा बोधिसत्व विचार श्रृंखला के माध्यम से सरकार विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर चुके अनुभवी लोगों से सुझाव ले रही है। कहा हमारी सरकार हर समय जनता की सेवा में समर्पित है। हमारा प्रण है कि जितना भी समय हमारे पास है उसका प्रत्येक पल और क्षण हम उत्तराखण्ड की जनता की सेवा में समर्पित करें। उन्होंने कहा हमारी सरकार युवाओं को रोजगार देने पर कार्य कर रही है। विभिन्न विभागों में रिक्त चल रहे 24000 पदों पर भर्ती एवं युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए युवाओं हेतु प्रत्येक जिले में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ऋण वितरित किए जा रहे है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने शहीद योगेम्बर सिंह भण्डारी के पिताजी को शॉल भेंट कर सम्मानित भी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### असम राइफल्स ने 700 करोड़ की नशीली दवाएं जब्त की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इंफाल। म्यांमार की सीमा से सटे मणिपुर के मोरेह कस्बे में एक घर से असम राइफल्स ने 700 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं जब्त की गईं है। जानकारी के मुताबिक यह महिला म्यांमार के मांडले की रहने वाली है और उसने एक चीनी नागरिक से शादी की है। असम राइफल्स की कार्रवाई की जांच के दौरान यह बड़ा खुलासा भी हुआ है।

### जान गंवाने वाले किसानों के लिए राहुल गांधी ने की मुआवजे की मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संसद में किसानों के मुद्दे पर बहस का दबाव बनाने की कांग्रेस की कोशिशों के बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में किसान आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले किसानों के परिवारों को मुआवजा और नौकरी देने की मांग उठाई। कांग्रेस समेत विपक्ष के सदस्यों ने इस मसले पर सरकार से जवाब की मांग की।

# आज हो सकता है किसान आंदोलन खत्म करने का एलान!

## सरकार के भेजे 5 प्रस्तावों पर बन सकती है सहमति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आंदोलन समाप्त करने पर संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में फिलहाल कोई निर्णय नहीं हो पाया। मोर्चा की बैठक बुधवार को दो बजे फिर से बुलाई गई है। इसमें आंदोलन समाप्त करने पर निर्णय हो सकता है। कृषि कानून वापस लेने के कारण अधिकतर किसान संगठन आंदोलन वापस लेने के पक्ष में हैं। केंद्र सरकार भी एमएसपी पर कमेटी गठित करने के साथ ही आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमे वापस लेने पर अपनी सहमति दी है।

बता दें कि केंद्र सरकार की ओर से संयुक्त किसान मोर्चा के पास पत्र भेजा गया है। पत्र में हरियाणा और उत्तर प्रदेश में दर्ज मुकदमे वापस लेने सहित अन्य मांगों पर भी सहमति जताई गई है। विद्युत संशोधन विधेयक–2020 पर भारत सरकार ने सभी हितधारक राज्यों से बात करने और समाधान निकालने का आश्वासन दिया है।

वहीं, जानकारी मिल रही है कि संयुक्त किसान मोर्चा के पास गृह मंत्रालय से संदेश आया है। इसमें धारा 302 व 307 के तहत दर्ज मुकदमों को छोड़कर अन्य मुकदमे वापस लेने की बात कही गई है। एमएसपी पर कमेटी बनाने और कमेटी में मोर्चा के नेताओं को भी शामिल करने की भी बात है। फिलहाल मोर्चा की बैठक जारी है। मांगों पर सहमति बनने के बाद संयुक्त किसान मोर्चा अब आंदोलन वापस लेने पर भी विचार कर रहा है। एक–डेढ़ घंटे में कोई ठोस निर्णय होने की संभावना है।

गौरतलब है कि किसान संगठन के नेताओं की बैठक से पहले ही अचानक 5 सदस्यीय कमेटी मोर्चा कार्यालय से निकल कर कहीं और रवाना हो गई थी। बाद में पता चला कि केंद्र सरकार के नुमाइंदों के साथ एमएसपी समेत कई मुद्दों पर बैठक चली थी। इस बैठक में गुरनाम चढ़ूनी और शिवकुमार कक्का समेत कई नेता मौजूद थे।

### आंदोलन खत्म करने का फैसला टला

सरकार की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि आंदोलन समाप्त करने के बाद मुकदमे भी वापस ले लिए जाएंगे। आंदोलन के दौरान जान गंवाने वालों के स्वजनों को मुआवजे देने को लेकर भी सरकार ने प्रस्ताव भेजा है। इस पर भी मोर्चा के नेता विमर्श कर रहे हैं। बुधवार को होने वाली बैठक में इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# लाल टोपी वालों को सिर्फ लाल बत्ती से मतलब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गढ़ गोरखपुर में 9650 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया। पीएम मोदी ने गोरखपुर खाद कारखाने, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र (आरएमआरसी) का लोकार्पण किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि गोरखपुर में खाद कारखाना और एम्स का शुरू होना अनेक संदेश दे रहा है। जब डबल इंजन की सरकार होती है तो डबल तेजी से काम भी होता है। जब नेक नीयत से काम होता है तो आपदाएं भी अवरुद्ध नहीं बन पाती है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज पूरा यूपी जानता है कि लाल टोपी वालों को लाल बत्ती से ही मतलब रहा है, आपकी दुख–तकलीफों से नहीं। लाल टोपी वालों को सत्ता चाहिए, घोटालों के लिए, अपनी तिजोरी भरने के लिए, अवैध कब्जों के लिए, माफियाओं को खुली छूट देने के लिए। लाल टोपी वालों को सरकार बनानी है, आतंकवादियों पर मेहरबानी दिखाने के लिए, आतंकियों को जेल से छुड़ाने के लिए और इसलिए, याद रखिए लाल टोपी वाले यूपी के लिए रेड अलर्ट हैं यानि खतरे की घंटी।

आजादी के बाद से इस सदी की शुरुआत तक देश में सिर्फ 1 एम्स था। अटल जी ने 6 और एम्स स्वीकृत किए थे। बीते 7 वर्षों में 16 नए एम्स बनाने पर देशभर में काम चल रहा है। हमारा लक्ष्य ये है कि देश के हर जिले में कम से कम एक मेडिकल कालेज जरूर हो। जब मैंने एम्स का शिलान्यास किया था, तो मैंने कहा था कि हम दिमागी बुखार से इस क्षेत्र को राहत दिलाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे।

### उपहार

■प्रधानमंत्री ने गोरखपुर को 9,600 करोड़ रुपये की योजनाओं का उपहार दिया


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

**Gadoli Media Ventures**

Contact: Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# अभी खत्म नहीं हुआ कोरोना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस का नया वैरिएंट ओमिक्रोन भारत समेत कई देशों में कहर बरपा रहा है। बताया जा रहा है कि यह वैरिएंट काफी ज्यादा संक्रामक है, इस बात ने सरकार की चिंता को और बढ़ा दिया है। देश में अब तक इसके 23 मामले सामने आ चुके हैं। इस बीच मंगलवार को आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने भी नए वैरिएंट को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से नए वैरिएंट्स सामने आ रहे हैं इससे पता चलता है कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने PANEX–21 के कर्टन रेजर में ये बात कही है।

उन्होंने कहा, मैं यह बताना चाहूंगा कि कोरोना महामारी के दौरान भारतीय सेनाओं ने लोगों तक आवश्यक सहायता पहुंचाने के सरकार के प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हमने देश के दूर–दराज के क्षेत्रों तक जाकर लोगों की मदद की है ताकि कोरोना के प्रभाव को कम किया जा सके। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और सीडीएस जनरल बिपिन रावत भी मौजूद थे।

### ओमिक्रोन को लेकर आर्मी चीफ नरवणे ने जताई चिंता